अपने उद्‌बोधन में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि एस.सी.सी. का मुख्य उद्‌देश्य ही युवाओं में नेतृत्व कौशल भरने के साथ उनका सर्वांगीण विकास करना है। एकता और अनुशासन एन.सी.सी. का ध्येय वाक्य है। इन्हीं गुणों के बल पर राष्ट्र की अखण्डता और अस्मिता को सुरक्षित रखा जा सकता है। स्वामी विवेकानन्द ने भी देश के एकीकरण और नवोत्थान में उक्त गुणों की महत्ता को स्वीकारा था। स्वामी विवेकानन्द का मानना था कि राष्ट्र निर्माण के पुनीत यज्ञ में सामाजिक स्तर पर व्याप्त भेद–भाव की भावना बाधक है। इसलिए उन्होंने भेद–भाव एवं ऊँच–नीच की भावना में मुक्त समाज के निर्माण के लिए राष्ट्रीय भावना से ओत–प्रोत युवाओं का आह्‌वाहन किया था।




उनका मानना था कि जिस समाज में एकता की भावना बलवती होती है, वह समाज कभी भी पराधीन नहीं हो सकता। अंग्रेजों नें हमारे समाज में ऊँच–नीच तथा जात–पात का भेदभाव प्रसारित कर हममें फूट डालकर ही हम पर शासन किया था इसलिए स्वामी जी का मानना था कि हमें सदैव सामाजिक स्तर पर एक होना होगा। राष्ट्र निर्माण में एकता का मूल तत्व समाविष्ट होना ही चाहिए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए 15वीं यू.पी. गर्ल्स बटालियन के सूबेदार मेजर ऋषेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मानवोपयोगी एवं वैज्ञानिक शिक्षा का चिंतन स्वामी जी के व्यक्तित्व का अत्यन्त दूरदर्शी पक्ष प्रस्तुत करता है। स्वामी विवेकानन्द अपने ज्ञान एवं

एकता और अनुशासन

जीवन दर्शन के माध्यम से युवाओं के आदर्श रूप में स्थापित हुए। हम सभी को स्वामी विवेकानन्द के बताए गए मार्गो का अनुसरण करते रहना चाहिए।




कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि एन.सी.सी. के उद्देश्य ही महाविद्यालय के पूज्य संस्थापकों के जीवन का अभिन्न हिस्सा एवं जीवन उद्देश्य रहे हैं। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं का उद्देश्य ही राष्ट्रीय चेतना से परिपूर्ण, किताबी ज्ञान के साथ–साथ व्यवहारिक ज्ञान से युक्त, राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित युवा गढ़ना है। यह हम सभी का उत्तरदायित्व है कि हम स्वामी विवेकानन्द जैसे





भारत की अपनी पूर्वज परम्परा का अनुसरण करते हुए भारत को पुनः विश्व गुरू के पद पर प्रतिष्ठित करने में योगदान सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर कार्यक्रम की प्रस्ताविकी प्रस्तुत करते हुए 15वीं यू.पी. गर्ल्स बटालियन की सी.टी.ओ श्रीमती कविता मन्ध्यान ने भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत आयोजित होने वाले विविध प्रकार के बौद्धिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का पूर्व विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की छात्राओं अर्पिता त्रिपाठी, श्वेता, वंशिका एवं पूजा द्वारा सरस्वती वन्दना, एकल गीत, एन.सी.सी. गीत तथा वन्देमातरम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात कमान्डिग ऑफिसर एस.रामालिंगम ने कैडेटस से औपचारिक परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया।





एकता और अनुशासन

# सेवा कार्य

13 से 16 जनवरी 2021 तक मकर संक्राति एवं खिचड़ी मेला के पावन अवसर पर कोरोना प्रोटोकाल का पालन करते हुए एन.सी.सी कैडेटस ने गुरु श्रीगोरक्षनाथ मन्दिर परिसर में सेवा कार्य किया।





एकता और अनुशासन

# निबन्ध प्रतियोगिता

19 जनवरी 2021 को भारत भारती पखवारा के अन्तर्गत निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'महाराणा प्रताप और उनका प्रेरणास्पद जीवन' था। छात्र–छात्राओं के बौद्धिक विकास एवं क्षमता का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम की संयोजक 15वीं यू.पी. गर्ल्स बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर की सी.टी.ओ. कविता मंध्यान ने कहा कि महाराणा प्रताप का नाम इतिहास में वीरता और दृढ़ प्रण के लिए अमर है। उन्होंने मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार नही की और जीवन के अन्त तक संघर्ष किया। महाराणा प्रताप ने मुगलों को कई बार युद्ध में भी हराया था। प्रतियोगिता में 20 विद्यार्थियों ने सहभाग किया जिसमें बी.एड्. द्वितीय वर्ष के माधवेन्द्र पति त्रिपाठी ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष के नितेश प्रजापति द्वितीय, बी.एड्. प्रथम वर्ष की अंजलि जायसवाल तृतीय तथा बी.एड्. प्रथम वर्ष के ऋषभ सिंह ने सान्त्वना स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रुप में डॉ. आरती सिंह, डॉ. सुधा शुक्ला, डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती पुष्पा निषाद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।




एकता और अनुशासन









एकता और अनुशासन

हिन्दुस्तान गोरखपुर • गुरुवार • 21 जनवरी 2021 06

हलचल

## माधवेन्द्र ने जीती निबंध प्रतियोगिता

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ की ओर से आयोजित भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत सांस्कृतिक विभाग द्वारा मंगलवार को महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'महाराणा प्रताप और उनका प्रेरणास्पद जीवन' विषयक प्रतियोगिता में बीएड द्वितीय वर्ष के माधवेन्द्र पति त्रिपाठी ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष के नीतेश प्रजापति द्वितीय, बीएड प्रथम वर्ष की अंजली जायसवाल तृतीय तथा बीएड प्रथम वर्ष के ऋषभ सिंह ने सांन्त्वना स्थान

अमर उजाला

गोरखपुर | बृहस्पतिवार, 21 जनवरी 2021 6

## माधवेंद्र प्रथम, नीतेश को मिला दूसरा स्थान

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में 12 से 26 जनवरी भारत-भारती पखवारा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सांस्कृतिक विभाग की ओर से महाराणा प्रताप के पुण्यतिथि के मौके पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीएड द्वितीय वर्ष के माधवेंद्र पति त्रिपाठी ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष के नीतेश प्रजापति ने द्वितीय, बीएड प्रथम वर्ष की अंजली जायसवाल तृतीय और बीएड प्रथम वर्ष के ऋषभ सिंह को सांत्वना पुरस्कार मिला। विद्यार्थियों ने 'महाराणा प्रताप और उनका

2

दैनिक जागरण

गोरखपुर, 21 जनवरी 2021

www.jagran.com

## माधवेंद्र, नीतेश व अंजली ने मारी बाजी

जासं, गोरखपुर : महाराणा प्रताप पोस्ट ग्रेजुएट कालेज, जंगल धूसड़ में 12 से 26 जनवरी तक मनाए जा रहे भारत-भारती पखवारा के अंतर्गत महाराणा प्रताप की जयंती पर मंगलवार को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विषय था 'महाराणा प्रताप और उनका प्रेरणास्पद जीवन'। प्रतियोगिता में माधवेंद्र पति त्रिपाठी प्रथम, नीतेश प्रजापति द्वितीय, अंजली जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऋषभ सिंह सांत्वना पुरस्कार के लिए चुने गए।

एकता और अनुशासन

## भाषण प्रतियोगिता

21 जनवरी 2021 को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय और एकात्मक मानववाद' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कविता मंध्यान ने प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि ऐसी बौद्धिक प्रतियोगिता विद्यार्थियों में अपने विचारों को तर्कपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करने के




साथ–साथ सोई हुयी विचार शक्ति को जागृत कर विषय के विभिन्न पक्षों का गहन अध्ययनों उपरान्त प्रस्तुतीकरण करने की क्षमता का विकास करती है। महाविद्यालय समय–समय पर ऐसे ही वाद–विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर विद्यार्थियों को समसामयिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक विषयों के साथ–साथ भारत के सवर्णिम इतिहास तथा महापुरुषों एवं बलिदानी स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन को समझने तथा तर्कपूर्ण ढ़ग से श्रोताओं के सम्मुख प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता रहता है। आज की भाषण प्रतियोगिता के विषय में छात्रों को पं. दीनदयाल जी के जीवन को जानने तथा समझने का अवसर प्रदान किया गया है, क्योंकि दीनदयाल जी का एकात्म मानववाद प्रत्येक मनुष्य के शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का एक एकीकृत विचार है। जिसने मौलिक, भारतीय विचारधारा को पश्चिमी सिद्धातों एवं विचारधाराओं से मुक्त कर भारतीय विचारधारा के

एकता और अनुशासन

विकास एवं विस्तार में सहयोग किया।

भाषण प्रतियोगिता में कुल 29 प्रतियोगियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. प्रथम वर्ष के ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने प्रथम स्थान बी.एड्. प्रथम वर्ष के ऋषभ प्रताप सिंह ने द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की अलफिजा अंसारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. आरती सिंह, डॉ. कृष्ण एवं वेंकट रमन ने अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया।







एकता और अनुशासन

NCC

हिन्दुस्तान गोरखपुर • शुक्रवार • 22 जनवरी 2021 06

# नम्रता, वंदना, शिवम और ज्ञानेन्द्र ने जीती प्रतियोगिता

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में चल रहे भारत-भारती पखवारे के अन्तर्गत गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में कुल 41 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। बीएससी प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान नम्रता सिंह, बीएससी द्वितीय वर्ष में प्रथम स्थान वंदना साहनी, बीएससी तृतीय वर्ष में प्रथम स्थान शिवम जायसवाल को प्राप्त हुआ। इसी तरह 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय और एकात्मक मानववाद' विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष के ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एकता और अनुशासन

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

22 जनवरी 2021 को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयन्ती की पूर्व संध्या पर नेताजी के जीवन के विविध पक्षों पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगियों को सम्बोधित करते हुए 45वीं यू.पी. बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर के सी.टी.ओं. डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्रा ने कहा कि नेता जी का समग्र जीवन दिव्य एवं प्रेरणादायी है उनका मानना था कि भारत से अंग्रेजी हुकूमत को समाप्त करने के लिए सशस्त्र संघर्ष ही एक मात्र रास्ता हो सकता है। अपनी इस विचारधारा पर वे जीवन–पर्यन्त चलते रहें और उन्होंने एक ऐसी फौज खड़ी की जो दुनिया की किसी भी सेना को टक्कर देने की क्षमता रखती थी। वीर सेनानी एवं राजनीति के अद्भुत खिलाड़ी सुभाषचन्द्र बोस ने जन–सामान्य में आजादी की महत्ता को इस प्रकार प्रेषित किया कि युवा, विद्यार्थी एवं महिलाएं सभी ने स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय सहयोग की ओर कदम बढ़ाया।

प्रश्नोत्तरी में कुल 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बी.ए. द्वितीय वर्ष के दीपचन्द ने प्रथम, बी.काम. प्रथम वर्ष की लक्ष्मी शुक्ला एवं बी.एड्. प्रथम वर्ष के सूरज चौधरी द्वितीय तथा बी.एड्. प्रथम वर्ष की ज्योति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।











एकता और अनुशासन

हिन्दुस्तान
गोरखपुर • शनिवार • 23 जनवरी 2021 06

## प्रश्नोत्तरी में दीपचंद अव्वल

गोरखपुर। एमपी पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत शुक्रवार को नेताजी सुभाष चन्द्र के जीवन के विविध पक्षों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी में कुल 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। बीए द्वितीय वर्ष के दीपचन्द ने प्रथम को स्थान मिला। प्रतियोगिता की संयोजिका दीप्ति गुप्ता ने कहा कि शिक्षा प्रणाली को सुरुचिपूर्ण एवं बोधगम्य बनाने तथा विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा का भाव पैदा करने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

2
दैनिक जागरण
गोरखपुर, 23 जनवरी 2021
www.jagran.com

## प्रतियोगिता में दिखी विद्यार्थियों की प्रतिभा

जासं, गोरखपुर : महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में भारत-भारती पखवारा के तहत शुक्रवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर उनके जीवन के विविध पक्षों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बीए द्वितीय वर्ष के दीपचंद ने प्रथम, बीकॉम प्रथम वर्ष की लक्ष्मी शुक्ला एवं बीएड प्रथम वर्ष के सूरज चौधरी ने द्वितीय तथा बीएड प्रथम वर्ष की ज्योति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अमर उजाला
गोरखपुर | शनिवार, 23 जनवरी 2021 8

## प्रश्नोत्तरी : दीपचंद प्रथम, लक्ष्मी और सूरज द्वितीय

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में भारत-भारती पखवारा के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर उनके जीवन के विविध पक्षों पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इसमें कुल 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें बीए द्वितीय वर्ष के दीपचंद ने प्रथम, बीकॉम प्रथम वर्ष की लक्ष्मी शुक्ला एवं बीएड प्रथम वर्ष के सूरज चौधरी ने द्वितीय तथा बीएड प्रथम वर्ष की ज्योति कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की संयोजिका दीप्ती गुप्ता ने कहा कि नेताजी का समग्र जीवन प्रेरणादायी है। ब्यूरो

एकता और अनुशासन

# नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती समारोह

23 जनवरी 2021 को भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत सुभाष चन्द्र बोस जयन्ती के अवसर पर विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ। भारत माता की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन एवं आदर्श युवाओं को देश भक्ति एवं राष्ट्रनिर्माण में उनकी भागीदारी बनाने के लिए प्रेरित करते रहेंगे, इन्हीं उद्देश्यों के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गुरु श्रीगोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक मेजर जनरल अतुल वाजपेयी ने अपने उद्बोधन में कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस भारत के महान स्वतन्त्रता सेनानी और प्रखर देश भक्त थे। वे भारत माता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के क्षितिज पर चमकते सितारें की भांति है। उन्होंने अपने सुख–सुविधा सम्पन्न जीवन को त्याग कर अंग्रेजों के विरूद्ध जो चुनौती प्रस्तुत की वह आज भी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरो में अंकित है। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस वास्तव में राष्ट्र नायक थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि श्रीमती शीलम वाजपेयी ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी चुनौतियों का सामना करने का सामर्थ्य महापुरूषों से प्राप्त करे। नेता जी सुभाष चन्द्र बोस हमेशा से ही युवाओं के

एकता और अनुशासन

प्रेरणा स्रोत रहे हैं जिन्होंने भारत मां के वैभव हेतु अपना जीवन समर्पित कर दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह ने किया तथा आभार ज्ञापन 45वीं यू.पी. बटालियन की सी.टी.ओ डॉ. प्रज्ञेश मिश्रा ने किया।










एकता और अनुशासन

गोरखपुर, 24 जनवरी, 2021 दैनिक जागरण 11

# जयंती पर याद किया राष्ट्र के लिए नेताजी का समर्पण

## संगोष्ठी आयोजित कर व्यक्तित्व व कृतित्व पर की गई चर्चा



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पैडलेगंज स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद गोरक्ष क्षेत्र के मे. जनरल जसवाल, ब्रिगेडियर गोविंदजी मिश्र, कर्नल आरपी मिश्र, कैप्टन ओम प्रकाश, कैप्टन भास्कर पांडेय व अन्य • जागरण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कृतज्ञ लोगों ने शनिवार को राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद किया और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसी लेकर विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

दिग्विजयनाथ पीजी कालेज में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मेजर जनरल अतुल वाजपेयी ने नेताजी के दूरदर्शी सोच और लक्ष्य की चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को नेताजी के व्यक्तित्व से सीख लेने की सीख दी। संगोष्ठी को शीलम वाजपेयी और प्राचार्य प्राचार्य डा. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। डा. परीक्षित सिंह, डा. शशिप्रभा सिंह, डा. प्रतिमा सिंह, डा. नितेश शुक्ल, पवन कुमार पांडेय, डा. मनीष श्रीवास्तव, अंशिका मिश्रा आदि मौजूद रहे। महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य डा. प्रदीप कुमार राव ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाना उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देना है। हमारा दायित्व है कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के द्वारा स्थापित आदर्शों का अनुकरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलें। डीएवी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से नेताजी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डा. मनोज श्रीवास्तव, डा. संजय श्रीवास्तव, डा. संजय मिश्रा आदि मौजूद रहे। इस दौरान भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

**गुरु श्रीगोरक्षनाथ ब्लड बैंक में लगा रक्तदान शिविर:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती गुरु श्रीगोरक्षनाथ ब्लड बैंक की ओर से शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड बैंक प्रभारी डा. अवधेश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, रक्तदान कर नेताजी को श्रद्धांजलि दी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

भाजपा की महानगर इकाई के कार्यकर्ता शनिवार को नेताजी की जयंती पर पैडलेगंज तिराहा पर पहुंचे और वहां मौजूद उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष बृजेश मणि मिश्रा, महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, शशिकांत सिंह, जितेंद्र चौधरी जीतू, डा. बच्चा पांडेय नवीन आदि मौजूद रहे।

### भाजयुमो ने दी श्रद्धांजलि

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने महानगर के प्रत्येक मंडलों में नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। गोरक्षनगर मंडल में मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रणजीत राय बंटी ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस का व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। महानगर अध्यक्ष पवन यादव, मीडिया प्रभारी हिमांशु श्रीवास्तव, पार्षद पवन त्रिपाठी, महामंत्री अभय शुक्ला, अविनाश राय, शशांक सोनकर आदि मौजूद रहे।

### हियुवा ने मनाई जयंती

हिंदू युवा वाहिनी के महानगर कार्यकर्ताओं ने शनिवार को महानगर संयोजक ऋषि मोहन वर्मा और महानगर अध्यक्ष रणजय सिंह जुगनू के नेतृत्व में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष विनोद सिंह, महामंत्री संजय शैलांकुर, अश्वनी सिंह, शशांक चतुर्वेदी, राजेंद्र कुशवाहा, सौरभ कुशवाहा, आनंद तिवारी, स्वामीनाथ खरवार आदि मौजूद रहे।

### विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे नेताजी : जमाल

गोरखपुर : नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शनिवार को गोष्ठी का आयोजन हुआ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य डा. सैयद जमाल ने कहा कि नेता जी विलक्षण व्यक्तित्व के धनी थे। उन्हें ब्रिटिश साम्राज्य की नींव हिला दी थी। गोष्ठी को प्रदेश कांग्रेस के पूर्व संगठन मंत्री व पीसीसी सदस्य डा. प्रदीप कुमार पांडेय, सुरेश प्रसाद चौधरी एडवोकेट, मदन कुमार त्रिपाठी, धरमराज चौहान एडवोकेट, सैयद अल्ताफ हुसैन, संतोष प्रताप सिंह, जलालउद्दीन, राजकुमार पासवान आदि ने भी संबोधित किया।

### सांसद ने नेताजी के पराक्रम को किया याद

गोरखपुर : नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर सांसद ने उनके पराक्रम को याद करते श्रद्धांजलि अर्पित की है। सांसद ने अपनी संसदीय क्षेत्र की जनता को पराक्रम दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने और भारत को आजादी दिलाने में नेताजी की भूमिका को देश हमेशा याद रखेगा। उनके साहस और पराक्रम को आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा प्राप्त करती रहेंगी।

अमर उजाला
गोरखपुर | रविवार, 24 जनवरी 2021 11

# बोस का जीवन दिव्य और धन्य था : मेजर जनरल

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मां भारती के सच्चे वीर सपूत थे। उनका जीवन दिव्य एवं धन्य था। ये बातें महाराणा गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक (अवकाश प्राप्त) मेजर जनरल अतुल वाजपेयी ने कहीं। वह महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कॉलेज में 12 जनवरी से 26 जनवरी तक भारत-भारती पखवारा मनाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि शीलम वाजपेयी और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने भी विचार रखे। कार्यक्रम संयोजन सांस्कृतिक विभाग की प्रभारी दीप्ति गुप्ता और संचालन डॉ. कृष्ण कुमार ने किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कृष्णानंद पाठक और इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने विचार व्यक्त किए।



मेजर जनरल अतुल वाजपेयी को डॉ. प्रदीप कुमार राव ने पुस्तक भेंट की।

### स्कूल में देशभक्ति के तराने गूंजे

*गोरखपुर। महाराणा प्रताप बालिका इंटर कॉलेज एवं चिल्ड्रन एकेडमी, सिविल लाइंस विद्यालय प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। छात्राओं के देशभक्ति गीतों पर लोग मुग्ध हो गए। प्रधानाचार्य कृष्णा चटर्जी, रीना चक्रवर्ती, क्रांति सिंह, दीपाली, कृष्ण मुरारी आदि मौजूद रहे।*

हिन्दुस्तान • गोरखपुर • रविवार • 24 जनवरी 2021 • 10

# धूमधाम से मनाई गई सुभाष की 125वीं जयंती

गोरखपुर | निज संवाददाता

नेताजी सुभाष चन्द बोस की 125वीं जयंती पर युवा कल्याण विभाग द्वारा मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। बालक व बालिका दोनों वर्गों में दौड़ नौकायन से शुरू होकर पैडलेगंज स्थित सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर संपन्न हुई। मैराथन का शुभारम्भ एसपी सिटी ने हरी झण्डी दिखाकर किया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजेश डी मोदक एवं राज्य युवा कल्याण परिषद उपाध्यक्ष डॉ. विभ्राट चन्द कौशिक द्वारा पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह वितरित किया गया।

**नेताजी से अपनानी चाहिए देश प्रेम की भावना:** गोरखपुर। बंगाली समिति, दुर्गाबाड़ी द्वारा सुभाष चन्द्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि एनई रेलवे के सिग्नल एवं दूरभाष विभाग के प्रधानाचार्य प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि हर व्यक्ति को नेताजी के जीवन चरित्र से देश प्रेम की भावना अपनानी चाहिए। पूर्व वायुसेना अधिकारी प्रेम नारायण श्रीवास्तव एवं मनोज ने कहा कि राष्ट्र के लिए प्रेम, त्याग व बलिदान की भावना हर नागरिक में होना चाहिए। इस अवसर पर वाणी मंदिर संगीत विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों और 'जय सुभाष' नाटक पर जीवंत प्रस्तुति देकर सबको भावविभोर कर दिया।

**दिव्य था नेताजी का जीवन:** गोरखपुर। गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के निदेशक सेवानिवृत्त मेजर जनरल अतुल वाजपेयी ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व से संचित शौर्य एवं पराक्रम से सम्पूर्ण भारत को प्रतिक्षण एक नई ऊर्जा से सराबोर किया है।

वे शनिवार को महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में नेताजी की जयंती के अवसर पर आयोजित 'पराक्रम दिवस' कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार राव ने की।

**नए भारत के युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं नेताजी:** गोरखपुर। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस नए भारत के युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। नेताजी में हजारों खूबियां थीं। आपको जहां अच्छा मिले उसे ग्रहण करना चाहिए। यह बातें सेवानिवृत्त मेजर जनरल अतुल वाजपेयी ने दिग्विजयनाथ पीजी कॉलिज में पराक्रम दिवस कार्यक्रम में कहीं।



शनिवार को नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के जयन्ती पर आयोजित मिनी मैराथन में विजेता प्रतिभागियों को आईजी राजेश डी मोदक ने पुरस्कृत किया। • हिन्दुस्तान

### आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

गोरखपुर। नेता जी की जयंती पर गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर एवं रक्तदाताओं को जागरूक करने का कार्यक्रम किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर विद्यार्थियों द्वारा पूर्वाह्न 11 बजे गोरखपुर विश्वविद्यालय गेट पैडलेगंज चौराहा तक पैदल मार्च किया गया। डीएवी पीजी कॉलेज में प्राचार्या डॉ. राजकुमारी पांडेय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पराक्रम दिवस एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती धूमधाम से मनाई गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी, किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष व बांसगांव टाउन एरिया के पूर्व चेयरमैन अंशुमान सिंह एवं महानगर अध्यक्ष हाजी तहव्वर हुसैन के नेतृत्व में जयंती को मनाई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, महानगर इकाई द्वारा रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन डीडीयू के मुख्य द्वार पर किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने केन्द्र सरकार से नेताजी सुभाष चंद्र बोस को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की। आधारशिला संस्था द्वारा नथमलपुर, गोरखनाथ स्थित इन्दिरा चिल्ड्रेन एकेडमी के सभागार 125 दीप जलाए गए।

एकता और अनुशासन

# पोस्टर प्रतियोगिता

25 जनवरी 2021 को ''राष्ट्रीय सुरक्षा एवं युवा'' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए एवं 15वीं यू.पी. गर्ल्स बटालियन राष्ट्रीय कैडेट कोर की सी.टी.ओ. कविता मंध्यान ने कहा कि राष्ट्रीय एकता का तात्पर्य है कि देश के सभी लोगों को एक समान और समग्रता के आधार पर एक मंच पर लाना। यह एक ऐसी भावना है जो हमें अपनी विरासत पर गर्व कराती है और राष्ट्र को एक सूत्र में बाँधती हैं। पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 10 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें बी. एड्. प्रथम वर्ष की सुश्री नीलम गुप्ता ने प्रथम, बी.एड्. प्रथम वर्ष की अंजलि जायसवाल ने द्वितीय एवं बी.एड्. प्रथम वर्ष की रोशनी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।





एकता और अनुशासन







एकता और अनुशासन

# गणतंत्र दिवस समारोह

26 जनवरी 2021 को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान तथा राष्ट्रगीत के उपरान्त भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खडगवासला, पुणे के अवकाश प्राप्त आचार्य एवं महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद् के माननीय सदस्य डॉ. राजेन्द्र भारती जी का स्वागत कैडेट ने प्लाइलेटिंग करते हुए किया। राष्ट्र के 72वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. राजेन्द्र भारती ने कहा कि भारत ने ही विश्व को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया था। पूरी दुनिया जब सभ्यता और सभ्य समाज से कोसों दूर गिरी फंदराओं में अज्ञान के अंधकार में डूबी थी, तब भारत अपनी



सभ्यता के शिखर पर ज्ञान–विज्ञान के उजालों से परिपूर्ण था। सभ्यता और संस्कृति, नीति और परम्पराओं की दृष्टि से हम सर्वोच्च शिखर पर थे। परन्तु इन सब के बावजूद देश ने पराधीनता के दंश को झेला। देश का शोषण हुआ। भारत पुनः तेजी के साथ निज संस्कृति स्वाभिमान और गौरव का प्रसार कर रहा है और वह दिन दूर नहीं जब भारत पुनः तेजी के साथ निज संस्कृति स्वाभिमान और गौरव का प्रसार कर रहा है और वह दिन दूर नहीं जब भारत पुनः विश्व गुरु बनने के साथ अपने दर्शन 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम' के तहत सम्पूर्ण विश्व को नेतृत्व प्रदान करेगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति की भावना

एकता और अनुशासन

से ओत–प्रोत भाषण, कविता पाठ, समूह गीत, एकलगीत, एकल नृत्य, समूह नृत्य, नाटक एवं मूक अभिनय आदि विविध प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री माधवेन्द्र पति त्रिपाठी एवं श्री ऋषभ प्रताप सिंह ने किया।






एकता और अनुशासन